-:प्रेस नोटः-

दिनांक- 08.03.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **होली, रमजान व ईंद त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना बबेरु पर की गई शान्ति समिति बैठक । क्षेत्र के धर्म गुरुओं, जनप्रतिनिधियों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द के साथ मनाए जाने की, की गई अपील साथ ही लिये गए सभी के सुझाव।**

विवरण- होली, रमजान एवं ईंद त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0रिभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना बबेरु पर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र के सभी धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे । उपस्थित लोगों ने प्रशासन को विश्वास दिलाया कि सभी समुदाय के लोग आपसी प्रेम, भाईचारा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी बांदा ने कहा कि होली, रमज़ान एवं ईद के पर्व हमारी गंगा-जमुनी तहज़ीब के प्रतीक हैं, जिनका शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न होना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत व्यक्तियों से अपील की कि समाज में शांति एवं भाईचारे का वातावरण बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। पुलिस अधीक्षक बांदा ने लोगों को आश्वस्त किया कि बांदा पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी । साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन निरंतर गश्त, निगरानी एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी की जा रही है । जो भी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द एवं शांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करेगा उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने सभी नागरिकों से अपील की कि त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं, कानून व्यवस्था का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें । आसामाजिक एवं शांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वाले अराजक तत्वों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या डायल यूपी-112 को दें। बैठक में उपस्थित सभी धर्मगुरुओं ने एक स्वर में समाज में शांति, एकता एवं सौहार्द बनाए रखने तथा त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया । जिलाधिकारी बांदा एवं पुलिस अधीक्षक बांदा ने समस्त जनमानस को होली, रमज़ान एवं ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि सभी लोग त्यौहारों को शांतिपूर्वक तरीके से मनाएंगे।